
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



• वर्ष : 13 • • अंक 148 • • 30 सितम्बर 2017 • • मूल्य : 20/- •



परम आदरणीय रामस्नेही संत श्री श्री 108 महंत

## श्री रामप्रसाद जी महाराज

बड़ा रामद्वारा, जोधपुर के जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई एवं मंगलमयी शुभकामनाएं

# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्री राजेन्द्र गहलोत
अध्यक्ष

## संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान, नागौर

के चुनाव में निर्विरोध निवार्चित
**सभी पदाधिकारियों**
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



श्री मोतीलाल सांखला
उपाध्यक्ष

श्री राधाकिशन तंवर
महासचिव

श्री हरीशचंद देवड़ा
महासचिव

श्री कमलकिशोर भाटी
कोषाध्यक्ष

सदस्य - श्री पुरुषोत्तम सोलंकी, श्री गोविंद राम टाक, श्री बहादूर सिंह भाटी, श्री प्रभुराम सांखला, श्री भगवानराम सुंदेशा, श्री भोमाराम पंवार, श्री बाबूलाल परिहार, श्री जेठाराम सांखला, श्री धर्मेन्द्र सोलंकी, श्री पारसमल परिहार

# जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक, जोधपुर

के चुनावों में समाज के विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्री राजेन्द्र गहलोत
चैयरमेन



श्री प्रभाकर टाक
सदस्य, पीपाड़



श्री कमल किशोर परिहार
सदस्य, फलोदी



श्रीमती कुंती परिहार
सदस्य, जोधपुर

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :13 ● अंक 147-148 ● 30, सितम्बर 2017 ● मूल्य : 20/- प्रति ●

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन,

नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**

(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## समाज के आगामी मुख्य आयोजन




## इस अंक में

- शिक्षा का प्रसार होगा तो नही होगा विकास-श्री अशोक गहलोत
- समाज के वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी बालूराम सैनी को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित
- 9 घंटे में रिकॉर्ड 1353 यूनिट रक्तदान, 2 साल पहले श्रवण की हुई थी मौत
- गरीबों एवं पिछड़ों की सेवा का संकल्प लें - श्री प्रभुलाल सैनी
- माली समाज की 406 प्रतिभाओं का सम्मान संस्थान में बास्केट बॉल कोर्ट बनाने की घोषणा
- 297 वोटों से जीत से रामस्वरूप पंवार बने नागौर सैनी समाज के अध्यक्ष
- सामूहिक विवाह हेतु 9 जोड़ों ने कराया पंजीकरण, संत श्री रामप्रसाद जी महाराज की कथा ....
- देश भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने टेका मत्था, सुबह हुई विशेष पूजा, ....
- सैनी जागृति संस्था सीकर द्वारा सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित
- माली समाज ने किया 100 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान
- विश्व पुलिस एण्ड फायर गेम्स 2017 में समाज के युवा मनोहर सिंह ने जीता रजत पदक
- सैनी समाज का नाम राजस्थान में ही नहीं देशभर में रोशन कर रहे है प्रभुलाल सैनी
- सैनी छात्रावास के लोकार्पण एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा पर दिया जोर
- बाबा के भक्तों की सेवा में समर्पित श्री सती माता सेवा समिति, जोधपुर
- विधायक पूरणमल सैनी का भीलवाड़ा आगमन पर माली समाज द्वारा स्वागत सम्मान किया
- जोधपुर समाज की बेटी मोनालिसा राष्ट्रपति से सम्मानित

# समाज का इतिहास....

( समाज के सभी वर्गों के निवेदन पर माली समाज के इतिहास की संपूर्ण जानकारी – पार्ट 5)

# माली जाति की उत्पति . .

इतिहासविद्
स्व. श्री सुखबीर सिंह गहलोत के ग्रंथ राजस्थान का माली सैनी समाज से साभार.....



मनीष गहलोत

**परमार (पंवार)**

परमार (पंवार) बौद्ध धर्म स्वीकार करने के पूर्व चन्द्रवंशी थे। उदयपुर, देलवाड़ा और अचलेश्वर आदि के परमार विषयक शिलालेखों से ज्ञात होता है कि परमारों की उत्पत्ति अग्नि से हुई लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्होंने अग्नि को साक्षी बनाकर अपना धर्म परिवर्तित किया था। परमारों का मूल स्थान आबू के आसपास था। ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर उनका राज्य उज्जैन से लगभग 70 मील दक्षिण में नर्मदा तक फैला हुआ था। पश्चिमी राजपूताना में ई. सन् 400 के लगभग नागवंशियों के राज्यों पर परमारों ने अधिकार किया था। इनका राज्य मध्यप्रदेश (मालवा), बागड़ प्रदेश, आबू प्रदेश, भीनमाल, जालोर व बाड़मेर क्षेत्र पर था।

परमार वंश का धरमीवराह किराडू का शासक था। उसके वंशज छहाड़ का पुत्र सांखला था। उसके वंशज सांखला कहलाये। सांखला के पुत्र वैरसी ने रूणेचा पर अधिकार किया था । उसके वंशज रूणेचा सांखला कहलाये। पंवारो के नख हैं- धोकरिया, सांखला, रूणेचा।

**चाहमान (चौहान)**

चौहान सूर्यवंशी हैं । डॉ. दशरथ शर्मा ने चौहानों को वत्सगोत्री ब्राह्मण बतलाया है लेकिन डा. सत्यप्रकाश ने लिखा है कि उस समय क्षत्रिय भी अपने पुरोहित का गोत्र धारण कर लेते थे। अत: यह कहा जा सकता है कि चौहान भी ब्राह्मणों के वत्सगोत्र में रहे होंगे। क्षत्रियों में गुरूगोत्र और पुरोहित गोत्र अपनाने की परम्परा रही है। हरपालिया (बाड़मेर जिला) के वि.सं. 1346 के कीर्तिस्तम्भ अभिलेख के अनुसार चौहानवंश में विजयसिंह नामक राजा हुआ। वि.सं. 1377 के अचलेश्वर के शिलालेख में चौहान आसराज का सूर्यवंशी बतलाया गया है। जयानक के 'पृथ्वीराजविजय' में भी चौहानों को सूर्यवंशी रघु के कुल में बतलाया गया है। अत: कहा जा सकता है कि चौहान सूर्यवंशी हैं । बिजोलिया का शिलालेख इनका मूल स्थान को हिच्छत्रपुर(सांभर) बतलाया है तो 'पृथ्वीराज विजय' हम्मीर महाकाव्य सूरजनचरित्र आदि में इनका मूल स्थान पुष्कर उल्लिखित किया गया है।

चौहान वंश एक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण तथा यशस्वी वंशों में से एक था। उत्तरी भारत में प्रतिहारों के साम्राज्य के पतन के पश्चात् चौहान वंश ही विशाल साम्राज्य की स्थापना कर प्रमुख शक्ति बन गया था। कुछ लेखकों के मत से चौहान शाकम्भरी सपादलक्ष प्रदेश में रहते थे, जिनके आधिपत्य में सवा लाख गाँव थे। यह क्षेत्र जांगल देश भी कहलाता था। इस वंश के वासुदेव ने ई.सन् 551 में सांभर में अपना राज्य स्थापित किया। इसी वंश के अजयराज (1105-1130) में अजमेर नगर बसाया। उसके पुत्र अर्णोराज (1130-1150) ने तुरूष्कों को अजमेर के निकट हराकर उस स्थान पर आनासागर नामक झील निर्माण किया। 'पृथ्वीराजविजय' में लिखा है कि 'यदि वह मुसलमानों को न हराता तो यहाँ के मन्दिरों का अस्तित्व ही मिट जाता।' इसी वंश के पृथ्वीराज तृतीय (1178-1192) ने 1191 में मुहम्मद गौरी को तराईन के युद्ध में बुरी तरह से हराया, लेकिन हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भागती मुस्लिम सेना का पीछा न कर उसे सुरक्षित स्थान पर जाने दिया। यह उदारता हिन्दू-स्वाधीनता के लिए दु:खदायी सिद्ध हुई । मुहम्मद गौरी ने 1192 में चुने हुए तुर्क, ताजिक तथा अफगान सवारों की सेना को अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित कर पृथ्वीराज की सेना को धोखा देकर रात्रि में अचानक आक्रमण कर हरा दिया और पृथ्वीराज को मौत के घाट उतार दिया।

क्रमश :........

अनावरण समारोह....

# शिक्षा का प्रसार होगा तो नही होगा विकास–श्री अशोक गहलोत

**पूर्व सीएम गहलोत ने किया सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण, कई जगह हुआ स्वागत**



नवलगढ। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जिस समाज, जाति या धर्म में शिक्षा का प्रसार होगा। वह समाज विकास करेगा। चाहे किसी भी क्षेत्र में विकास करना हो, शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले ने जब लोग शिक्षा के बारे में सोचते भी नहीं थे, क्रांति लेकर आई। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। वे रविवार को सैनी समाज संस्थान की ओर से सैनी छात्रवास में सावित्री बाई फुले की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के बाद आयोजित सभाा में मुख्य अतिथि के पद से बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां के सेठ-साहूकारों ने पूरी दुनिया में शेखवाटी का नाम रोशन किया है। यहां सेठ देश की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में आगें आना है तो केवल जाति बताने से कुछ नहीं होगा। इसके लिए 36 कौमों की सेवा करनी होगी। उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा, विकास के लिए जीवन समर्पित करना होगा। कार्यक्रम के दौराना पूर्व सीएम गहलोत ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हकिम बदलते रहते है, लेकिन हुकुम नही बदलते। कांग्रेस सरकार ने झुंझुनूं में सैनिक स्कूल व स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की घोषणा की थी, लेकन नई सरकार ने इसमें कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब पूर्व में भाजपा की सरकार में तीन घोषणा हुई थी, कांग्रेस की सरकार आते ही उनका काम किया गया। राजनीति में कामों में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। सरकारें बदलती रहती है। उन्होंने कहा उनके समय में रिफाइनरी समेत अनेक काम हुए। रिफाइनरी शुरू होने पर लोगों को रोजगार मिलता। उन्होंने मंच पर बैठे भाजपा नेताओं की तरफ इशारा करते हुए कहा कि वे बैठक में जांए तो इस बात को उठाएं। उन्होंने कहा कि गुजरात में विधायाकों के वोट रद्द भी नहीं होते तो पटेल कुछ पाइंटो से चुनाव जीत सकते थे। कार्यक्रम में पूर्व उपप्रधान ताराचंद सैनी ने गहलोत की ओर से करवाएं गए कार्य बताए।

इस अवसर पर अतिथियों ने समाज की पुस्तक का विमोचन भी किया। इससे पूर्व सैनी समाज संस्था अध्यक्ष सर्वश्री भोजाराम सैनी, पूर्व उपप्रधान ताराचंद सैनी, मनीराम सैनी, बल्लभराम सैनी, रामलाले सैनी व राधेश्याम सैनी के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पूरणमल सैनी ने स्वागत भाषण दिया। अध्यक्षता खेतड़ी विधायक श्री पूरणमल सैनी ने की। इससे पूर्व चौमू में पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी के नेतृत्व में श्री अशोक गहलोत का स्वागत किया गया। इसके अलावा कालवाड़, जाहोता, राजावास सहित अनेकों जगहों पर श्री अशोक गहलोत का स्वागत किया गया।

# समाज के वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी बालूराम सैनी को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



राष्ट्रपति श्रीमान कोविंद के ठीक पीछे बैठे समाज गौरव बालूराम सैनी

श्रीमाधोपुर। भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं बर्षगांठ पर बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान किया। इस मौके पर सीकर जिले के श्रीमाधोपुर निवासी 95 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी बालूराम सैनी का भी राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उपराष्ट्रपति की मौजूदगी में राजस्थान से सैनी सहित तीन स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। कस्बे के वार्ड 25 पुष्पनगर निवासी बालूराम सेनी जन्म 1922 में हुआ था।

12 वर्ष की आयु में वे स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ गए। महात्मा गांधी के जयपुर प्रवास के दौरान भी सैनी स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काम करते रहे। बाद में उन्हें गोपनीय डाक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। 1942 में वे पंजाब गए तो वहां अंग्रजों ने पकड़ लिया था। दो साल बाद वे जेल से रिहा हुए। इसके बाद फिर से स्वतंत्रता संग्राम में कूद गए। आजादी के बाद वे श्रीमाधोपुर पंचायत समिति के प्रथम प्रधान चुने गए। स्वतंत्रता सेनानी बालूराम सैनी को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित कस्बें वासियों ने प्रंशसा व्यक्त की है।

किसी भी शिविर में अब तक का सबसे ज्यादा रक्तदान। पूरे शहर ने निभाई भागीदारी

# 9 घंटे में रिकॉर्ड 1353 यूनिट रक्तदान, 2 साल पहले श्रवण की हुई थी मौत

डीडवाना. डीडवाना क्षेत्र में वैसे तो अनेक धार्मिक व पुनीत कार्यक्रम होते रहते है, क्योंकि उपकाशी के नाम से विख्यात इस शहर में अनेक बार धार्मिक व पुनीत कार्य हुए है। जिनसे यहां का सोहार्दपूर्ण वातावरण बना है। सबसे बड़ी बात तो यहँ कि मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा पुनीत कार्य रक्तादान है। जिसकी इस नगर में होड़ मची हुई। वर्ष 2000 से लेकर वर्तमान तक यहां पर अनेक शिविर आयोजित हो चुके है। इसमें हर शिविरों में आयोजनकर्ताओं में एक होड़ रहती है कि हमारो शिविर में रक्तदान अधिक हो। इस होड़ में यहा पर रक्त संग्रह अधिक होने लगा है। ऐसी होड़ निरंतर जारी रहेगी। निश्चित रूप से इस प्रकार की जिद न जाने कितने लोगों की जिंदगियां बचाने में मददगार होंगी।

इसी कड़ी में डीडवाना में रविवार को जेएसएमएसआर युवा संगठन के तत्वावधान में सिंधी बास में स्थित राजकीय विद्यालय में स्व. श्रवण भाटी, सुनील भाटी, कृष्णा टाक, राहुल तूनवालख अनिल बालिया की समृति में रक्तादन शिविर आयोजित किया गया। इसमें सर्वाधिक रिकॉर्ड रक्त संग्रहित हुआ। इस शिविर में माली समाज का ही सर्वाधिक योगदान रहा। परंतु नगर के सामाजिक संगठन सद्भावना क्लब, माली नवयुवक मंडल, लॉयन्स कलब, पॉल स्टार शिक्षण संस्थान, मारवाड़ हॉस्पिटल आदि संस्थाओं का भी सहयोग रहा। वहीं माली समाज के किशनलाल, श्रीचंद तुनवाल, उदाराम, किशोर, हीरालाल सोलंकी, श्रवण भाटी, सुरेश शिव सागर, डॉ. सोहन चौधरी, राजेश सोलंकी, पुखराज टाक, भगवती चौहान, शंकर चौहान, अमित चौहान, रवि चौहान, रवि चौहान, सुनील चौहान, कैलाश सोलंकी आदि का सहयोग रहा



### 395 लोग स्वास्थ्य कारणों से नहीं कर पाए रक्तदान

यह शिविर सुबह 9 बजे शुरू हुआ। सुबह 10 बजे तक 175 यूनिट, 11:45 बजे 540, 12:30 बजे 640, 1:15 880, 2:45 बजेख 976, 3:15बजे तक 1066 यूनिट रक्त संग्रह हो चुका था। वहीं अंतिम समय में 1363 यूनिट रक्त संग्रह किया जा चुका था, जो एक सर्वाधिक रिकॉर्ड है। जबकि 395 व्यक्तियों को स्वास्थ्य कारणों के घलते रक्तादान से वंचित रहना पड़ा। इस शिविर में दुर्लभजी जयपुर, लॉयन्स चेरिटेबल सुजनगह, साइफ केयर जययपुर, जयपुरिय ब्लउ बैंक, त्रिवेजी की टीमों द्वारा रक्त संग्रहण किया गया।

### समूह के रूप में पहुंचे माली समाज के लोग

यह शिविर वैसे तो सर्व समाज के वैनरतले था। लेकिन 90 फीसदी माली समाज की ही भागीदारी रही। इसमें डीडवाना के 12 बसें में रहने वाले माली समाजके लोगो ने उत्सहपूर्वक भाग लिया। अनेक बसों से तो युवा जैसे किसी समारोह में भाग लेने जाते है, इस तरह पहुंचे। इस शिविर में माली समाज के बाहर रहने वाले नागौर, मकराना, वेरावड, मंगलपुरा, निम्वी जोधा. दौलतपुरा व मौलासा से भी समाज के लोग यहां पहुंचे।

### महिलाओं की भागीदारी ज्यादा

इस शिविर में महिलाओं की भागीदारी भी हर बार के शिविरों से ज्यादा रही। 145 महिलाओं ने रक्तदान किया। युवाओं की टीमें अलग-अलग दल के रूप में महिलाओं को साव लेकर रक्तदान करने आती हुइ दिखाई दे रही थी।

जिले का सर्वाधिक रक्त यूनिट संग्रह

जिले मे विभन्न स्थानों पर अनेक रक्तदान शिविर आयोजित होते हैं रक्तदन के मामले में डीडवाना क्षेत्र प्रदेश में सबसे आगे है और इससे पूर्व2013 में वांगड कॉलेज मे बवीवीपी द्वारा 5वां रक्त संग्रह हुआ था। जिसका रिकॉर्ड एक अन्य शिविर में 952 यूनिट करके उसी वर्ष तोड़ दिया व माली समाज के शिविर में गत वर्ष 1203 यूनिट रक्त संग्रह हुआ था। डीडवाना में अभी तक कई शिविर लगे और करीब 12 हजार यूनिट डीडवाना से 17 साल के अंतराल में संग्रहित हो चुके है।

इस होड़ और जिद से बचाती है लोगों की ज्ञान। इसी समाज का यह दूसरा शिविर है। इसमें किसी भी राजनैतिक बल के पदधिकारी व नेताओं का न ही आगमन हुआ न ही उन्हें बुलाया गया और व से ही नेताओं का सम्मान हुआ। इस शिविर में समाज के युवाओं ने राजनीति को दरकिनर कर अपनी एक अलग सोच और जिद करो दुनिया बदले की तर्ज पर केवल रही लक्ष्य रखा कि इस क्षेत्र में आज तक जो रक्तदान शिविर हुए है, उनका रिकॉर्ड तोड़ना है और रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य केवल मानव जीवन कल्याण, मानव जीवन रक्षा ही रखा गया। और आखिर युवाओं ने अपना लक्ष्य पूरा भी कर लिया।

### डॉ.मानते हैं बड़ा रिकॉर्ड

इस शिविर में हुई बातचीत में जयपुरिया ब्लड बैक के क डॉ राजडल ने बताया कि वे करीब 20 से अधिक शिविरों में जा चुके है और उनकी दृष्टि में पहले तो बीमका वन मे सर्वाधिक रक्त यूनिट माना जाता वा परंतु उनकी नजर में वह राजस्थान का पहला शिविर है, जिसमें इतना बड़ी यूनिट रक्त संग्रहित हुआ है। वहीं संतोकवा दुर्लभजी टीम के सुखबीर सिंह भाटी का कहना हैकि वे दुर्लभाजी हॉस्पिटल में सैनियर टैक्नीकल ब्लड बैंक अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और 17 साल में उन्होंने अनेक शिविरों में रक्त संग्रह किया है परंतु यह पहला शिविर है जिसमें केवल युवाओं विशेष रूप से महिलाओं ने भागीदारी निभाई है।

श्रवण की स्मृति में यह शिविर, 2015 में हुई थी मौत गत वर्ष प्रथम शिविर स्व. श्रवण चौहान की स्मृति में आयोजित किया था। श्रवण माली दो वर्ष पूर्व माली समाज का एक पदयात्रा का दल लेकर जोधपुर के पास मंडोर मे स्थित संतोषी माता मंदिर के लिए रवाना हुआ था। इसमें समाज के युवा सब में वे 15 सिंतबर 2015 को जोधपुर के नजदीक पदयात्रा के दौरान वाहन की टक्कर से श्रवण की मौत हो गई थी। 24 वर्षीय श्रवण पुत्र भंवरलाल चौहान सिंघीवास निवासी की स्मृति में द्वितीय पुण्य तिथि पर माली समाज के युवओं ने एक ऐसी श्रद्धांजलि दी जो मानव जीवन कल्याण के लिए हर समाज के लोगों के लिए प्रेरणादायक बन चुकी है। इसके साथ है समाज के 4 अन्य दिवंगत युवओं को भी इस वर्ष इस शिविर में श्रद्धांजलि के रूप में जोड़ा गया।

राजस्थान प्रदेश माली ( सैनी ) महासभा का प्रतिनिधि सम्मेलन जयपुर में संपन्न

# गरीबों एवं पिछड़ों की सेवा का संकल्प लें – श्री प्रभुलाल सैनी






जयपुर। 13 अगस्त को राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा का प्रतिनिधि सम्मेलन जयपुर में संपन्न हुआ। जिसमें माली समाज राजस्थान के सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने उपस्थिति देकर सामाजिक एकता का परिचय दिया। सर्वप्रथम समारोह का शुभारंभ ध्वजा रोहण के साथ पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर सैनी, महासभा के चैयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री छुट्टनलाल सैनी, एवं युवा अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र टाक, बिरदीचंद सिंघोदिया ने झण्डा रोहण के साथ किया।

मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी उपस्थित थे। श्री प्रभुलाल सैनी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि गरीबों की सेवा का संकल्प लेने की बात कही। महासभा के चैयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने बताया कि महासभा का सदस्यता अभियान जिला व तहसील स्तर पर हो रहा है साथ ही कार्यकारिणी का गठन भी किया जा रहा है आने वाले चुनावों में माली समाज के ज्यादा से ज्यादा विधायक एवं सांसद चुन कर आए इसके लिए संगठित होकर सभी को राजनैतिक पार्टियों पर दबाव बनाने व समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की बात कही।

इस अवसर पर युवा बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री श्री भुपेन्द्र सैनी ने भी सामाजिक एकता एवं राजनैतिक पार्टियों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष श्री अशोक सैनी ने भी सामाजिक एकता व जागरूकता की बात कही। समारोह में सर्वश्री मांगीलाल पंवार, बिरदीचंद सिंगोदिया, सीता भाओ, ताराचंद गहलोत, प्रेमसिंह सोलंकी, वरिष्ठ आई.ए.एस. ओ. पी. सैनी, डॉ. जी. एल. वर्मा, खेल परिषद के पूर्व चैयरमेन शिवचरण माली, ईश्वरलाल सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, दुर्गालाल सैनी, रामकिशोर सैनी, सीताराम सैनी, भागचंद सैनी, रामगौपाल माली, चौथमल सैनी, किशन गहलोत, रूपचंद मारोठिया, धनाराम, हुक्माराम देवड़ा, पांचाराम सालंकी, राजेश गहलोत, बाबुलाल टाक, आईदानराम भाटी, भंवरलाल गहलोत, ओमजी सांखला, एडवोकेट सिद्धार्थ गहलोत, एडवोकेट विप्पलव टाक, भारताराम माली सहित अनेकों जिलों के कर्मठ समाजसेवियों एवं युवा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर 15 नवंबर को पीपाड़ में आयोजित होने वाले छात्रावास के शिलान्यास व सामुहिक विवाह सम्मेलन के बैनर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर महासभा के चैयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाहा का बीकानेर माली सैनी समाज के द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। बीकानेर माली समाज के सर्वश्री कैलाश गहलोत, निहाल सैनी, दुर्गाप्रसाद, गणपतराम, जगदीश माली, राकेश कुमार तंवर, गोपाल गहलोत, हनुमानप्रसाद गहलोत, सत्यनारायण कच्छवाहा सहित अनेक समाज सेवियों ने श्री ऊँकारराम कच्छवाहा के द्वारा सामाजिक एकता, जागृति व समाज के सभी संगठनों को एक किए जाने के प्रयासों में सफलता प्राप्त करने पर किया गया।समारोह में खाने की व्यवस्था श्री बिंरदीचंद सैनी की तरफ से, समारोह स्थल की व्यवस्था श्री छुट्टनलाल सैनी की ओर से तथा साफा, माला व दुप्पटा की व्यवस्था श्री शंकर सैनी की ओर से की गई थी।

सभा का सफल संचालन महासभा के महांत्री श्री राजेन्द्र मावर ने करते हुए राजस्थान के प्रत्येक जिले से पधारे सभी समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया साथ ही सामाजिक एकता के लिए किए जा रहे कार्यो के लिए सभी संस्थाओं का बहुमान किया।



# माली समाज की 406 प्रतिभाओं का सम्मान संस्थान में बास्केट बॉल कोर्ट बनाने की घोषणा






डीडवाना। सैनी माली विकास संस्थान के तत्तवावधान में समाज की प्रतिभाओं को सावित्री बाई फुले अवॉर्ड से नवाजा गया। मालियान सूर्य मंदिर सिंगी बास में रविवार को राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी के मुख्य आतिथ्य व डीडवाना पालिकाध्यक्ष ग्यारसी देवी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। आईएएस ओपी सैनी मुख्य वक्ता थे। अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर 406 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। पॉल स्टार संस्थान एवं श्रीनिवासाचार्य स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। भूपेन्द्र सैनी ने कहा कि वैचारिक मतभेद मिटकार समाजहित में सभी को आगे आना होगा। संस्थान में बॉस्केटबॉल कोर्ट बनाने की घोषणा की। गयारसीदेवी ने कहा कि कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए महिलाओं को शिक्षित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। ओपी सैनी ने कहा कि षिखा के साथ-साथ युवाओं को खेल में भी रूचि रखकर आगे बढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि महेन्द्र भटी, अनुभव चंदेल एवं चैनाराम पंवार ने संबोधित किया। गुड्डु सैनी, ब्रजेश सैनी, बादरराम सांखला, महेन्द्र, डॉ. श्रीचंद तूनवाला ने भी विचार व्यक्त किए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने ज्योतिबा फुले और सावित्रि बाई के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। आयोजन अध्यक्ष रमेशकुमार टाक ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान युवा माली सैनी समाज के रामगोपाल तुनवाल, मालचंद तंवर, हनुमान तंवर, पार्षद पवन टाक, सुरेश तंवर, गणपत तंवर, कमलकिशोर, बंशीलाल भाटी, रामकिशोर सेनी, श्रवण भाटी, विजय टाक, भगवती पंवार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश सोलंकी ने किया। कैलाश सोलंकी ने बताया कि इस दौरान भूपेन्द्र सैनी ने संस्थान में बास्केट बॉल मैदान बनाने की घोषणा भी कीं

### मौलासर में राज्य युवा बोर्ड अध्यक्ष का किया स्वागत

मौलासर। मौलासर सैनी समाज ने डीडवाना कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे राजस्थान युवा बोर्ड राज्यमंत्री भूपेन्द्र सैनी का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। मौलासर स्थित जोधा मार्केट के पास स्वागत समारोह में सैनी विकास संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष गुड्डु सैनी, ब्रजेश सैनी, लोकेन्द्र सैनी सहित राम ढीगाल, मदनलाल सैनी, रामपाल, रूघनाथ ठेकेदार, परमेश्वर सैनी, श्रवण राम, महावीर सिंगोदिया, प्रहलाद सैनी, मुकेश कुमार, चंदन सैनी, दिनेश सैनी, रमेश कुमार, रतनलाल, भागू राम सैनी, रोहित सैनी सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

## अंधेरे में उजाले का दीप जलाती 'योगाचार्या निशा'



वो निशा है, जो बीमारियों के कारण जिदंगी से मुंह मोड़ते लोगों के जीवन में उजाले की किरणें भरने निकली हैं। 12 साल से योग को सारथी बनाकर 25 हजार लोगों को जीवनदान देने वाली भी निशा ही है। योगाचार्य की उपाधि पा चुकी निशा को हिमाचल के गर्वनर से लेकर डीसी तक सम्मानित कर चुके हैं।

**असाध्य रोग हुए दूर :** यमुनानगर में स्वामी विवेकानंद योग सेवा संघ्न की अध्यक्ष और योगाचार्य निशा सैनी का कहना है कि जब उन्हें योग की शक्ति का पता चला तो इसे लोगों की बीमारी दूर करने में लगाने की ठानी। पहले उनके पास कम ही लोग आते थे, मगर धीरे-धीरे कई ऐसे साधक भी आए, जो असाध्य रोग से पीड़ित थे। प्राणायाम के जरिए आज वे भरपूर जीवन जी रहे हैं।


**योग दिवस पर मिला सम्मान :-** निशा सैनी बाताती है कि उन्होंने एमएससी योग और स्किन एण्ड हेयर थरेपी में मास्टर डिग्री की है और अब वह पीएचडी कर रहीं हैं। इन दिनों जीएनजी कॉलेज यमुनानगर में योग विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी सेवाओं को देखते हुए योग दिवस पर उपायुक्त ने उन्हें सम्मानित किया। अब 19 अगस्त को दिल्ली में आयुष विभाग के मंत्री श्रीपद यशो नाइक सम्मानित करेंगे। वहीं, 10 फरवरी 2012 बेंगलुरू में आयोजित अंतराष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस में महराष्ट्र सरकार भी निशा को सम्मान दे चुकी है। निशा के अनुसार 12 वर्षों में उन्होंने 200 से ज्यादा योग शिविर लगाए है।

**महिलाओं के लिए लाभकारी योग :-** निशा ने बताया कि महिलाओं को योग जरूर करना चाहिए। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह उनके लिए लाभदायक है। महिलाएं दिन के 20 मिनिट ही योग को दें तो काफी हैं। योग से सुंदरता भी कायम रहती है। शारीरिक बनावट आकर्षक रहती है। योग हमेशा सही निर्देशन में करना चाहिए। निशा योग दिवस पर पंचकूला, अंबाला, मुलाना आदि स्थानों पर प्रशिक्षण दे चुकी है। अंबाला जिला कारागार में भी वह शिविर लगा चुकी हैं।

चुनाव सिर्फ सैनी समाज के, परिणाम जानने के लिए आधा शहर रात भर जागा

# 297 वोटों से जीत से रामस्वरुप पंवार बने नागौर सैनी समाज के अध्यक्ष

**सैनी समाज के चुनाव निर्वाचन आयोग से भी दो कदम आगे, हर बूथ पर सीसीटीवी कैमरे, मतदान प्रक्रिया का सीधा प्रसारण मतदान का लाइव प्रसारण, एलईडी लगा समझाई प्रक्रिया, ईवीएम में प्रत्याशी का फोटो, मतदान नागौर में, ऑनलाइन प्रसारण पूरे देश में**



नागौर। सैनी माली समाज संस्थान तीनों न्यात के चुनाव में रविवार रात 2.30 बजे तक रोमांचक स्थिति बनी रही। अध्यक्ष पद के दावेदार रामस्वरूप पंवार अपने प्रतिद्वंदी कृपाराम देवड़ा से 12 राउंड की गिनती पूरी होने के बाद 297 मतों से चुनाव जीत गए। लगातार सात साल तक सैनी समाज के अध्यक्ष रहे देवड़ा को हार के बाद कुर्सी छोड़नी पड़ी। इससे पहले रविवार को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। समाज के 4242 मतों में से 3725 ने मतदान किया। चुनाव के दौरान प्रत्याक्षियों को ऊंट घोड़ों पर बैठकर प्रचार करते देखा गया। शाम को मतदान के बाद निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में ईवीएम को सील करके रखा गया। रात को नौ बजे मतगणना शुरू हुई तो पहले दौर से ही पंवार ने बढ़त बना ली। रात दस बजे दो राउंड की गिनती में 130 मतों से पंवार आगे निकले तो देवड़ा ने मशीनों में खराबी बताते हुए मतगणना रूकवाई। एसडीएम परसाराम टाक के पहुंचने पर रात डेढ़ बजे तक समझाइश होती रही। इस दौरान वापस दो मशीनों की जांच भी की गई। जो सही मिली। रात दो बजे जाकर मतगणना शुरू हो पाई। रात सवा दो बजे रामस्वरूप पंवार को निर्वाचन अधिकारी ने 297 मतों से विजेता घोषित कर दिया।

सैनी माली समाज के चुनाव में सिर्फ समाज के 4242 मतदाता को वोट देने का अधिकार था, लेकिन यह चुनाव पूरे शहर के लिए चर्चा का विषय बना रहा। सैनी समाज के चुनाव की लोकतांत्रिक व्यवस्था के चलते काफी रोमांचक स्थितियां रही। शहर के अन्य वर्ग समाज के लोग भी रात 2.30 बजे तक डीडवाना रोड पर नतीजे जानने के लिए खड़े रहे। इसके अलावा हैदराबाद, जोधपुर, अजमेर नागौर जिले के सैनी समाज के लोग भी देर रात तक नतीजों का इंतजार करते रहे।

**अनूठा उदाहरण प्रदेश में सामाजिक चुनाव में पहली बार ऐसा, सांसद-विधायक चुनाव में भी नहीं मिलती जो व्यवस्थाएं, वो नागौर में दिखीं**

सांसद,विधायकों के चुनाव में निर्वाचन आयोग की जो सख्ती नियम देखने को मिलते हैं, उससे भी दो कदम आगे निकलकर नागौर में सैनी माली समाज के चुनाव में हाइटेक व्यवस्थाएं नियमों की पालना देखने को मिली है। रविवार को यहां 20 सदस्यों अध्यक्ष के चुनाव में आपको ईवीएम से मतदान, ऊंट, घोड़ों सोशल मीडिया तथा यूट्यूब पर प्रत्याशियों के प्रचार में राजस्थानी गाने तो मिल ही जाएंगे।

इसके अलावा 42 सौ मतदाताओं में से एक भी वोट फर्जी पड़े और खारिज हो इसके लिए सीसी कैमरों से लेकर एलईडी प्रोजेक्टर के जरिए मतदाताओं को जागरूक करने की जो प्रक्रिया बताई जाती है वह अब तक देश में एमपी एमएलए चुनावों में भी देखने को नहीं मिलती है। रविवार को सैनी समाज के चुनाव में अनूठी मतदान प्रक्रिया देख प्रशासनिक अधिकारी भी चकित हुए। सैनी क्षत्रिय माली समाज (तीन गांव न्यात) संस्थान के इस चुनाव में नागौर जिले के 6 गांव संपूर्ण ताऊसर, चेनार, नागौर शहर (तीनों क्षेत्रों के आसपास के कुछ गांव) के सैनी माली समाज के लोगों ने मतदान किया। चुनाव की सबसे रोचक बात यह रही कि यहां मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने से लेकर इनके प्रकाशन और दावे आपत्तियों के लिए भी तिथियां तय की गई। यही नहीं सभी मतदाताओं को फोटो परिचय पत्र भी बांटे गए। मतदान प्रक्रिया के प्रति सैनी माली समाज की जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह चुनाव पूरी तरह से बिना किसी विवाद के शांतिपूर्ण तरीके से हुए।

सैनी समाज संस्थान के चुनाव में मतदान नागौर में हुआ। मगर ऑनलाइन सीसी कैमरों के जरिए इसका प्रसारण पूरे देश में किया गया। ऑनलाइन सीसी कैमरों का आईपी एड्रेस मुंबई, जोधपुर, पाली, हैदराबाद, गोवा, आसाम में रहने वाले समाज के लोगों को भेजा गया। वहां रहने वाले प्रवासी समाज के लोगों ने लाइव प्रसारण देखा।

**समाज के चुनाव के लिए शर्त**- चूल्हा 3 गांवों में जलता हो, वही मतदाता सैनी माली समाज के लोग पूरे देश में रहते हैं। मगर इस चुनाव में मतदाताओं के लिए यह शर्त थी कि जिनका चूल्हा संपूर्ण नागौर, संपूर्ण ताऊसर, संपूर्ण चेनार के क्षेत्राधिकार में जलता हो, वे ही इस चुनाव में मतदान कर यानि परिवार इन क्षेत्रों में रहने वाला हो, वही वोट देगा।

**उत्साह ऐसारू ऊंट घोड़ों पर प्रचार, कोई विवाद नहीं** - सैनी समाज संस्थान के यह तीसरे चुनाव हैं। पहले 2010 फिर 2014 और अब 2017 में यह चुनाव हुए हैं। तीनों चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए। प्रत्याशी अपने चुनाव चिन्ह के साथ ऊंट घोड़ों पर बैठकर प्रचार करते रहे। यही नहीं 4242 मतदाताओं में से करीब 190 मतदाता हैदराबाद से भी वोट देने पहुंचे। 4 ऐसी व्यवस्थाएं, जो निर्वाचन आयोग के पास भी नहीं है।

मुख्य चुनाव अधिकारी श्री राजेन्द्र पंवार ने बताया कि समाज के उपाध्यक्ष पद पर श्री रामजस भाटी, मंत्री श्री रामकुमार सोलंकी, सहमंत्री श्री देवकिशन भाटी एवं कोषाध्यक्ष पद पर श्री टीकमचंद कच्छवाहा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। समाज के इस हाईटेक चुनाव में विजयी सभी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### सामूहिक विवाह हेतु 9 जोड़ों ने कराया पंजीकरण, संत श्री रामप्रसाद जी महाराज की कथा के लिए लोगों में जोश

# पीपाड़ में प्रस्तावित छात्रावास शिलान्यास की तैयारियां जोरों पर



छात्रावास का भव्य गेट का निर्माण लगभग पूर्णतया की ओर

पीपाड़ शहर। माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान के तत्वावधान में 15 नवंबर को होने वाले छात्रावास शिलान्यास और सामूहिक विवाह सम्मेलन व 13 से 15 नवंबर को बड़ा रामद्वारा, जोधपुर के मंहत श्री 108 श्री रामप्रसाद जी महाराज द्वारा कथा वाचन की तैयारिया शुरू कर दी है।

संस्थान अध्यक्ष बाबूलाल सांखला ने बताया कि छात्रावास निर्माण व प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन में अभी तक 9 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। इसके लिए संस्थान द्वारा समाज की आम सभा बुलाकर विभिन्न प्रकार की प्रचार-प्रसार कमेटियां गठित कर प्रचार शुरू किया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह कच्छवाहा द्वारा डिजिटल पत्रिका का विमोचन सोशल मिडिया पर प्रचार प्रसार के लिए किया। छात्रावास के शिलान्यास कार्यक्रम के लिए गेट का निर्माण पूर्ण होने की ओर है। समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों की देखरेख में शिलान्यास कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पत्रिका का अंतिम रूप दिया जा रहा है साथ ही छात्रावास में कमरें के लिए दानदाताओं द्वारा प्रदान की जा रही सहयोग राशि में बढ़ोतरी हो रही है।

समाज के ऐतिहासिक आयोजन हेतु संस्थान के युवा वर्ग में विशेष उत्साह देखा जा रहा है सभी पदाधिकारी गण दिन रात एक करते हुए इस सफल आयोजन हेतु सभी वर्गो से मिलकर समारोह में पधारनें के लिए अपने अपने स्तर पर आमंत्रण पत्रिका दे रहे है तथा समाज के सभी वर्ग इस आयोजन को लेकर उत्साहित भी है। पीपाड़ में होने वाले सामूहिक विवाह समारोह एवं संत श्री रामप्रसाद जी महाराज की कथा के प्रति भी समाज में जोश देखा जा सकता है। भव्य मेन गेट अब लगभन पूर्णता की ओर है तथा संस्थान की छात्रावास भूमि की चार दिवारी का काम भी समारोह से पूर्व पूर्ण हो जाएगा। समाज के सभी वर्गो से अपील है कि इस सामाजिक आयोजन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर सामाजिक एकता का परिचय दे।



संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज की 187वीं पुण्यतिथि पर अमरपुरा, नागौर में हुआ आयोजन

# देश भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने टेका मत्था, सुबह हुई विशेष पूजा, फूल मंडली सजाई, भजन संध्या हुई



नागौर। अमरपुरा में संत लिखमीदास महाराज की 187वीं पुण्यतिथि मनाई संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा के तत्वावधन में सोमवार को कार्यक्रम संपन्न हुआ।

संत नृसिंहदास महाराज व पंडित मोहनलाल सोलंकी के सान्निध्य में इस अवसर पर आयोजित संस्थान की साधारण सभा की बैठक माली समाज धर्मशाला हरिद्वार के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार के मुख्य अतिथ्य व संस्थान अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर शंकरलाल गहलोत, सुखराम सोलंकी, पुरूषोत्तम सोलंकी, भोमाराम पंवार, रामलाल सोलंकी, प्रभुलाल पंवार, रामलाल सोलंकी, प्रभुलाल सांखला, ओमप्रकाश परिहार, आनंद सिंह कच्छवाह, किशोर सिंह सोलंकी, प्रभाकर टाक विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे।

इस अवसर पर संस्थान में 21 हजार व अधिक राशि का सहयोग करने वाले सदस्य व भामाशाह मदनलाल सांखला, सुगनाराम अमरचन्द सांखला, रामनिवास भाटी, राजेन्द्र टाक, अर्जुन कुमार परिहार, अशोक परमार, हेमराज सांखला, रामसिंह परिहार आदि का सम्मान किया गया। इससे पूर्व संस्थान उपाध्यक्ष मोतीलाल सांखला ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए साधारण सभा की पृष्ठि भूमि रखी। पूर्व सहासचिव मनोहर परिहार ने कार्यकारिणी व साधारण सभा के गत प्रस्तावों की पुन: पुष्टि की। इस मौके पर संत नृसिंहदास महाराज ने कहा कि धर्म के साथ साथ शिक्षा व संस्कार भी जरूरी है। संस्थान अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि यह धाम आस्था के कुंभ के रूप में विकसित हो इस रूप में सभी को प्रयास करना चाहिए। साथ ही समाज बन्धुओं को शिक्षा व केरियर की दृष्टि से यह स्थान प्रसिद्ध हो इसमें संस्थान का पुरजोर प्रयास रहेगा।

कार्यक्रम में संस्थान सचिव राधाकिशन तंवर ने आभार ज्ञापित किया। संचालन बालकिशन भाटी ने किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष कमल भाटी, पारसमल परिहार, रामस्वरूप पंवार, दीपक गहलोत, कृपाराम गहलोत, भंवरलाल तंवर भी उपस्थिति थे। इस पुण्यतिथि पर जोधपुर से आए चिकित्सा दल द्वारा नि: शुल्क जांच की गई व परामर्श दिया गया।

# सैनी जागृति संस्था सीकर द्वारा सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

सीकर जिले की पावन धरा पर सैनी समाज की लगभग 462 प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। समारोह में इस वर्ष आठवीं, दसवीं बोर्ड, बाहरवीं बोर्ड में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आलोक जी सैनी (निजी सचिव राजस्थान महिला बोर्ड अध्यक्ष) थे जबकि अध्यक्षता श्री बनवारी लाल जी सैनी (उपजिलाप्रमुख झुंझुनू) ने की।





मुख्य वक्त श्री मदन लाल सैनी (पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा) ने समाज के लोगो को एकता, शिक्षा, और राजनीती में आगे बढ़ने के मूलमंत्र बताये तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियो को सफलता के लिए कड़े अनुशासन में रहना और संस्कृति पतन को रोकने के बारे में बताया।

श्री प्रेमप्रकाश सैनी (अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान सीकर) ने मंच के द्वारा सरकार से महात्मा ज्योतिबा फूले और माँ सावित्री बाई फूले को भारत रत्न देने की मांग करते हुए समाज बंधुओ से प्रधानमंत्री जी के नाम पोस्टल आर्डर लिखने का आग्रह किया।

सुरभि संस्थान के किशनलाल सैनी और खडोलिया इंटरप्राइजेज के मुकेश सैनी ने आगंतुकों का स्वागत किया। विष्णु सैनी अध्यक्ष सैनी जागृति संस्था ने आये हुए सभी समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में सीकर, चुरू, झुंझुनू से करीबन 3 हजार समाज बंधू उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों सहित सरकारी सेवा में चयनित अभ्यर्थियों सहित समाज के पत्रकारों और मंच संचालकों का सम्मान किया गया।

सैनी राष्ट्रीय संस्थान का प्रांतीय अधिवेशन का हुआ समापन

## बेटी पढ़ेगी तो दो घरों का होगा नाम रोशन : गहलोत



चौमूं। सैनी (माली) विकास संस्थान राजस्थान का द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन सोमवार को सम्पन्न हुआ। जिसके प्रथम सत्र में प्रदेश संयोजक रामगोपाल गहलोत, जोधपुर से चिमनाराम माली, मकराना समाज अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत, उपाध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. श्रीघन्द तूनवाल, सरदार शहर चैयरमेन मुरलीधर सैनी, प्रदेशाध्यक्ष गुडू सैनी शाहपुरा के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ।

इस उद्घाटन समारोह में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन के पोस्टर विमोचन किया गया। संयोजक रामगोपाल गहलोत ने समाज में बेटियों को संरक्षण देने की बात पर जोर देते हुए कहा बेटी पढ़ेगी तो दो परिवारों का नाम रोशन होगा। इसलिए आज के युग में बेटियों के लिए परिवारजनों को अधिक शिक्षा की ओर जोर देना चाहिए। इस मौके पर संगठन पदाधिकारियों का नियुक्ति प्रत्र देकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। राजस्थान में माली समाज में बेटी के जन्म पर एक हजार रूपये की एफ.डी.आर. देने की घोषणा की।

वही प्रदेशाध्यक्ष गुडू सैनी ने संगठन की राजनीति में भागीदारी विषय पर हृदय ग्राही उद्बोधन देकर मार्ग दर्शन किया। द्वितीय सत्र में महिला प्रदेशाध्यक्ष मंजू सैनी, संरक्षक सूरजमल सैनी ठेकेदार, सामूहिक विवाह अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखल, झुंझुनू संरक्षक अनिल सेनी, युवा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र मारोठिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. गणेश सैनी ने संगठन दायित्व के विषय पर कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र देते हुए संगठन पर ओजस्वी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम संचालन प्रदेश प्रवक्ता कैलाश सोलंकी ने किया। आभार ज्ञापन संगठन महामंत्री रामगोपाल तूनवाल ने किया। इससे पूर्व आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में कवियत्री अंजू सैनी का विशिष्ट सम्मन किया। इनकी काव्य रचना गीताजंली को पाठकों ने खूब सराया। कार्यक्रम के अतिथि रामावतार सैनी ने कोशल विकास एवं डव्लपमेंट विषय पर युवाओं को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश चौहान, दिनेश गहलोत, धनाराम, जिला संगठन मंत्री योगेश सैनी, रमेश टांक सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।

-: सुविचार :-

**पैसे का घमण्ड दो ही लोगों को होता है,**
**एक– जिसे खानदानी जायदाद मिली हो।**
**और दो – जिसने धोखे से पैसा कमाया हो।**

सावित्री बाई फूले हर्बल पार्क में लगाए पौधे

## हाईकोर्ट जज ने किया पौधरोपण अभियान शुरु



जोधपुर। अपना संस्थान की प्रेरणा से माधव पर्यावरण प्रसार सोसायटी के तत्वावधान में माता का थान स्थित माता सावित्री बाई फूले हर्बल पार्क में राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायधीश श्री मनोज कुमार गर्ग की मोजूदगी में पौधरोपण अभियान शुरू किया गया। जस्टिस गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे बहुत आवश्यक है। सभी की भागीदारी से पौधरोपण अभियान सफल हो सकता है। पूर्व मंत्री एवं जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि वृक्षों के संरक्षण प्रत्येक को आगे आना चाहिए। मुख्य वक्ता श्री मुरलीधन ने कहा कि पर्यावरण समस्या विश्व की सबसी बड़ी चुनौती है। समय रहते पेड़ पौधों के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया तो परिणाम घातक हो सकते है। सोसायटी के अध्यक्ष श्री सुभाष गहलोत ने कहा कि इस पार्क में गत वर्ष 5 हजार पेड़ लगाए गए है। इस वर्ष अबतक 251 पौधे लगाए जा चुके है।

**अन्नासागर में पौधारोपण कार्यक्रम**

जोधपुर। बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान जोधपुर द्वारा वार्ड संख्या 62, अन्नासागर मगरा-पूंजला, जोधपुर में आज दिनांक 12 अगस्त 2017 को पोधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष अशोक गहलोत ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करणसिंह राठौड़ थे।

इस अवसर पर बाबा रामदेव समाज सेवा संस्था के जिलाध्यक्ष करणीसिंह राठौड़ व समाजसेवी कुशाल सांखला, जोधपुर फोटोग्राफर एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रदीप कच्छवाह, जोधपुर फोटोग्राफर एसोसियेशन के सचिव सवाईसिंह पिलवा का माला व साफा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेश ने गायत्री मंत्र के साथ पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की, साथ ही पर्यावरण को हरा-भरा करने का भी संकल्प उपस्थित गणमान्य सहित आमजन को दिलवाया।

कार्यक्रम में समाज के प्रेस फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा, कैलाश आर्य, हरीश गहलोत, कमलेश गहलोत, भरत कच्छवाह, छंवरलाल गहलोत, ज्ञानजी, प्रकाश सुथार, सुगनाराम, नारायण गिरी, सुभाष गहलोत, नितेश सांखला, नेमाराम गहलोत, श्याम कच्छवाहा, प्रकाश वैष्णव, मंजीत गहलोत, सेन्टू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

# माली समाज ने किया 100 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान







भीलवाड़ा। माली समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह रविवार को देवरिया बालाजी के पास महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति परिसर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के चेयरमैन व अखिल भारतीय माली (सैनी) सदन पुष्कर के ऊँकारराम कच्छावा थे। राजकीय सेवा, प्रोफेसर, व्याख्याता, खेल, बोर्ड, विश्वविद्यालय टॉपर्स, कुरीतियों निवारण के प्रेरक सहित 100 से अधिक प्रतिभाओं को प्रशस्ति-प्रत्र पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

अध्यक्षता पूर्व मंत्री व डेयरी चेयरमैन रामलाल जाट ने की। उन्होंने गुरूओं द्वारा शिष्यों को आगे लाने, उच्च शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ाने, कॉलेज शिक्षा तक सोशल मीडिया से दूरी, मृत्युभोज की जगह शिक्षा क्षेत्र में सहयोग देने पर जो दिया। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल पंवार ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने के लिए सबसे बड़ा साधन है। कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत सम्मान फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाललाल माली, सचिव शोभालाल माली, कोषाध्यक्ष शंकर गोयल, माली समाज के स्थानीय अध्यक्ष बंशीलाल माली ने किया।

मंच पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर एलएनजे ग्रुप के ओएसडी रजनीश वर्मा, नगर परिषद के पीए हरनारायण माली, राज. प्रदेश माली समाज के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र महावर, राज. माली महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी, राज. प्रदेश माली महासभा के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र महावर, अजमेर आकाशवाणी से सेवानिवृत डॉयरेक्टर पीसी पंवार, विजयनगर माली समाज अध्यक्ष मंगल प्रसाद चौहान, पुष्कर धर्मशाला के कोषाध्यक्ष धनराज, प्रदेश महासभा के प्रवक्ता विनीत सांखला, ऑल इंडिया माली समाज के जिलाध्यक्ष योगेश गहलोत, राजकुमार माली, माली युवा संस्थान के अध्यक्ष नानूराम माली सहित कई गणमान्य लोग मंच पर मौजूद थे। सभी कई गणमान्य लोग मंच पर मौजूद थे। सभी अतिथियों ने समारोह से पूर्व महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव शोभालाल माली, कोषाध्यक्ष शंकरलाल गोयल, रामनारायण कच्छावा, मदनलाल सोपरिया, मथुरालाल माली, श्यामलाल माली, रामनाराण माली, नानूराम गोयल, मिठुलाल सतरावला, विजयकुमार मेहरा सहित सैकड़ों की संख्या माली समाज के महिलाएं पुरूष व फूले सेवा संस्थान के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



दी नागौर अरबन को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड

# श्री जीवन मल भाटी बनें बैंक चेयरमैन



नागौर। दी नागौर अरबन को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के संचालक मंडल सदस्यों के चुनाव के नतीजे हुए घोषित। इसमें जीवनमल भाटी व बिरदीचंद सांखला पैनल के 6 सदस्य जीत गए जबकि मनोहर सिंह राठौड़ के पैनल से 5 सदस्य जीते मगर स्वयं मनोहर सिंह कम वोट लेने की वजह से संचालक मंडल सदस्य बनने से वंचित रह गए।

संचालक मंडल के दिनभर चली मतगणना के दौरान सबसे पहले नतीजा पूर्व सभापति बिरदीचंद सांखला का आया। सांखला ने इस चुनाव में 6128 में से सर्वाधिक 2768 वोट लिए। इसके अलावा पैनल के दूसरे नेता जीवनमल भाटी, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा की पत्नी शीला कच्छवाहा, केवलराज बच्छावत, धर्मेन्द्र पंवार व एससी आरक्षित सीट पर कन्हैयालाल चुनाव जीते। इसी प्रकार दूसरे पैनल से मुखिया मनोहर सिंह राठौड़ की मतगणना के अंतिम दौर में हार हो गई जबकि उनके निकटत्तम प्रतिद्वंदी धमेन्द्र पंवार 11 वें सदस्य के रूप में विजयी रहे। मनोहर सिंह के पैनल से सभापति के पुत्र प्रवीण सोलंकी, अशोक लालवानी, कृपाराम भाटी, मीनाक्षी, संजय सारस्वत चुनाव जीते। सभी विजयी प्रत्याशियों के साथ अध्यक्ष पद पर विजयी हुए श्री जीवनमल भाटी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं।

अमेरिका में बजाया अपनी प्रतिभा का डंका

# विश्व पुलिस एण्ड फायर गेम्स 2017 में समाज के युवा मनोहर सिंह ने जीता रजत पदक



जोधपुर। कैलिफॉनिया के लॉस एंजिलिस (अमरीका) में सम्पन्न विश्व पुलिस एण्ड फायर गेम्स 2017 में बैच प्रेस व पुश/पुल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के एएसआई मनोहरसिंह सांखला का रविवार को जोददार स्वागत किया गया। जोधपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर विभिन्न खेल संघों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।

लॉस एंजिलिस में गत 17 अगस्त को सम्पन्न विश्व पुलिस गेम्स में मनोहर सिंह ने कुल 365 किलो वजन उठाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उन्हें रजत पदक से नवाजा गया था। अमरीका प्रथम व फ्रांस तीसरे स्थान पर रहा था। अमरीका से मनोहर सिंह शनिवार को दिल्ली पहुंचे थे, जहां से ट्रेन में रविवार सुबह जोधपुर रेलवे स्टेशन आए।

जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन जोधपुर, अन्य खेल संगठन, हर्षिल जिम, पुलिस महकमे के साथीगण, परिजन और मित्रों ने उनका स्वागत किया। जुलूस के रूप में उन्हें मगरा पूंजला स्थित आवास ले जाया गया। गौरतलब है कि मनोहरसिंह ने लंदन में आयोजिन कॉमनवेल्थ खेलों में भी रजत पदक जीता था।

जोधपुर 'हीग लगे न फिअकरी, रंग आवे चौखो' यह कहावत अंतराष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीत देश व जोधपुर पुलिस का नाम रोशन करने वाले एएसआई मनोहर सिंह के मामले में राज्य की पुलिस पर सटीक चरितार्थ होती है। एएसआई मनोहर सिंह की उपलब्धि पर राजस्थान पुलिस का नाम रोशन तो हुआ ही है। साथ ही साथ जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट का भी अमरीका तक मान बढ़ा है, लेकिन इस उपलब्धि में राजस्थान पुलिस का योगदान नगण्य ही है। विभाग ने एएसआई को सिर्फ प्रतियोगिता में भाग लेने की एनओसी दी थी। इस पर ऑल इण्डिया पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड ने एएसआई को अनुमति दी थी। इससे सिंह काफी उत्साहित थे। पुलिस परामर्श केन्द्र एवं सहायता केन्द्र में पदस्थापित एएसआई को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए करीब दो लाख से अधिक रूपए की आवश्यकता थी। जो उनकी आर्थिक क्षमता से कई गुना अधिक थे।

### मित्रों व स्कूल के सहपाठियों का रहा सहयोग

पुलिस महकमे से कोई सहायता नहीं मिली तो एएसआई मनोहर सिंह का उसके मित्रों ने हौसला बढ़ाया। उन्होंने आर्थिक मदद की। इतना ही नही, मण्डोर के कीर्ति नगर स्थित जैक एन जिल स्कूल की ओर से मनोहर सिंह को ग्यारह हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया था। विभागीय देरी से तीन साल पूर्व नहीं मिल पाया था वीजा।




रजत पदक जीतने वाले मनोहर सिंह ने बताया कि विश्व पुलिस एण्ड फायर गेम्स में भाग लेने के लिए वह चार-पांच साल से मेहनत कर रहा था। पिछली प्रतियोगिता वर्ष 2015 में वर्जिनिया में आयोजित हुई थी। जिसमें भाग लेने के लिए जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय से एनओसी मिलने की औपचारिकताएं पूरी करने में काफी समय लग गया था। जिसके चलते उसे वीजा के लिए कोलकाता जाना पड़ा। तकनीकी खामी के चलते उसे आगे की तारीख मिली। जो प्रतियोगिता के शेडयूल से मेल नहीं खा रही थी। ऐसे में वह वर्ष 2015 की प्रतियोगिता में भाग नही ले पाया था, लेकिन इस आर पुलिस से उसे समय रहते एनओसी मिल गई।

समाज के युवा खिलाड़ी पर हमे गर्व है अपने स्वयं की मेहनत एवं बिना किसी शिफारिश से विश्व स्तर पर समाज एवं देश को गौरवान्वित करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐ। समाज की संस्थाओ ने इनका सहयोग नही किया लेकिन अपनी प्रतिभा के दम पर आर्थिक कठिनाईयो को सामना करते हुए जो विश्व स्तर पर समाज व देश का गौरव बढाया है उम्मीद है भविष्य मे सामाजिक संस्था के पदाधिकारी जो आयोजनों मे बड़ी बड़ी बाते करते है वो ऐसी प्रतिभाओ को प्रोत्साहित करेगें।

## जसनगर में नौ दिवसीय मां शेरावाली की मूर्ति की स्थापना...

जसनगर, 21 सितम्बर, कस्बे के मालियान समाज भवन में गुरूवार को नवरात्री के अवसर पर मां शेरावाली की मूर्ति की स्थापना कर महाआती के साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे पूर्व में माता राणी की मूर्ति गणेश मन्दिर से लेकर डीजे के धुन पर नाच-गान करते हुए भंवाल माता रोड,स्थित मालियान समाज भवन में पहुंकर पश्चात पंडित जुगल किशोर जोशी के सानिध्य में यजमान दुलाराम सांखला व कार्यकार्ताओं ने माता लाल चुनरी ओडा कर की प्रसाद वितरण किया।

इस मौके पर महेन्द्र वैष्णव, धनाराम पंवार, प्रकाशचनद सैन, रामनिवास गुर्जर, अशोक सांखला, मेघाराम कुम्हार, गुलाबदास, वैष्णव, रामनिवास गहलोत, नारायणसिंह राजपुरोहित, ओमाराम चौटिया, धनराज टेलर, अशोक प्रजापत सहित कई कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार थमली माता प्रांगण में मां शारदे का दरबार सजाया गया। निकट के भंवाल माता मन्दिर में मां भंवाल की महाआती के साथ नौदिवसीय मेला का आगाज किया। वही बैंगानी परिवार द्वारा भण्डारे की व्यवस्था की गई ।

### कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी के जन्मदिवस पर शहर में हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# सैनी समाज का नाम राजस्थान में ही नहीं देशभर में रोशन कर रहे है प्रभुलाल सैनी





टोंक। कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी के जन्म दिवस सोमवार को जिला मुख्यालय पर अल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.), टोंक एवं जिला माली (सैनी) समाज, टोंक के संयुक्त तत्वावधान मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला माली (सैनी) समाज, टोंक जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया एवं अल इण्डिया सैनी सेवा समाज संगठन के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमानदिया व जिलाध्यक्ष पांचूलाल सैनी के नेतृत्व में सोमवार को कृषि उपज मण्डी परिसर में सफाई अभियान चलाया, शहर के विभिन्न स्थलों पर गायों को चारा डाला गया, टोंक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र मरीजों को, राजकीय बाल सम्प्रेषण गृह बच्चों को ओर बहीर कलन्दर बस्ती में लोगों को फल वितरण किया गया तथा इसके पश्चात जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया व जिलाध्यक्ष पांचूलाल सैनी की मौजूदगी में सैनी समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास महादेवाली में महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर छात्रावास में वृक्षारोपण किया गया तथा केक काटकर उत्साह ओर उमंग के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाते हुये ईश्वर से उनकी दीर्घआयु की कामना की।

इस अवसर ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के जिलाध्यक्ष पांचूलाल सैनी ने कहा कि समाज का व्यक्ति चाहे किसी भी संगठन, राजनितिक पार्टियों ओर प्रशासनिक सेवा में हो उसे समाज हमेशा सम्मान देता है। राजनितिक क्षेत्र में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी समाज का नाम राजस्थान में ही नहीं देशभर में रोशन कर रहे है। समाज हमेशा हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा।

माली (सैनी) समाज जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने कहा कि कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी माली समाज के सिमोर है, समाज के हित में वो हमेशा आगे रहते है। समाज की सेवा के लिये हमेशा तैयार रहने वाले ओर समाज का नाम रोशन करने वाले कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी के साथ टोंक जिले का माली समाज हर परिस्थितियों में खड़ा है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर भैंरू लाल सैनी, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गायत्री सैनी, महात्मा फुले बिग्रेड़ के राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी भानू प्रताप सैनी इन्दौर, टोंक जिला कोषाध्यक्ष कालूराम बागड़ी, महामंत्री पुष्कर लाल सैनी, मंत्री अचलेश सैनी, सदर अध्यक्ष शंकर लाल धुवारिया, पूर्व सदर अध्यक्ष चौथमल निवाईवाल, माली समाज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कालूराम बिखापुरा, कमलेश डाबला, रमेश चन्द बागड़ी, टोंक तहसील अध्यक्ष पीरूलाल सैनी, एआईएसएसएस युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद गंगाड़ा, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनिता सैनी निवाई, टोड़ारायसिंह नगर पालिका उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, टोड़ारायसिंह तहसील अध्यक्ष हरजीराम मोड्क्या, सीताराम अजमेरा, पूर्व पार्षद मदन लाल सैनी, अशोक कुमार अजमेरा टोड़ा, अशोक कुमार सैनी, रामप्रसाद उर्फ जगावर सैनी, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल सांखला, जिला कार्यालय मंत्री भगवान सहाय सैनी, जिला प्रवक्ता संजय सैनी, कोषाध्यक्ष प्रभुलाल खरोल्या, उपसचिव धन्नालाल सैनी, रामफूल सैनी, सूरजमल सैनी, कल्याणमल सैनी, शहर अध्यक्ष अशोक सैनी, रामराज सरसवाल मालीपुरा, जिला उपाध्यक्ष गणेश सैनी निवाई, निवाई तहसील अध्यक्ष जगदीश सैनी, लादूलाल सैनी, रामप्रसाद सैनी, चन्द्रप्रकाश सैनी, लोकेश सैनी, विनोद सैनी, रतन लाल सैनी, राजूलाल सैनी, सीताराम सैनी, राजेन्द्र सैनी, मुकेश सैनी, भरत अजमेरा, कालूराम सैनी, नरेन्द्र सैनी सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# सैनी छात्रावास के लोकार्पण एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा पर दिया जोर



सवाई माधोपुर। सैनी विकास संस्थान संस्थान के तत्वावधान में आवासन मण्डल में नवनिर्मित छात्रावास के लोकार्पण एवं मूर्ति अनावरण का कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ.पी. सैनी थे तथा अध्यक्षता राज्य क्रीड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष शिवरचरण माली द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उदयपुर वाटी के पूर्व विधायक मदनलाल सैनी, राजस्थान माली महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी, आरएएस अल्का पुष्प उपस्थित थी। इस अवसर पर अतिथियों का माला एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया गया।

सैनी विकास संस्थान के जिलाध्यक्ष भागचंद सैनी ने बताया कि अतिथियों द्वारा छात्रावास प्रांगण में सरस्वती माँ एवं गणेशजी की प्रतिमा की स्थापना की गई। इसके बाद छात्रावास के लिए भूमि दान देने वाले स्व. नारायण सैनी की मूर्ति का अनावरण कर छात्रावास भवन का लोकर्पण किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ. पी. सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रावास सरस्वती मां का मंदिर है। इससे रहकर समाज के छात्र कड़ी मेहनत करके ऊंचे पदों पर पहुंच सकते हैं। हमारा समाज आज भी शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। यदि हमें समाज को आगे लाना है तो कठिन मेहनत करनी होगी, तब जाकर हमारा समाज आगे बढ़ेगा।

अध्यक्षता कर रहे क्रीड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हमे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए। खेलों से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। आरएएस अल्का पुष्प ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आज हमारी बेटियां काफी पिछड़ी हुई है। हमें हमारी बेटियों को पढ़ाना होगा तब जाकर हमारे समाज का विकास होगा। बेटियां पढ़ेगी तो घरों को रोशन करेगी। इस दौरान लालसोट नगरपालिका के अध्यक्ष जगदीश सैनी, महात्मा ज्योति राव फुले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मांगीलाल पंवार, टोंक माली समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश सिगोंदिया, माली महासभा महामंत्री राजेन्द्र मावर, छाण भाजपा मण्डल अध्यक्ष लटूरलाल माली, भाजपा खंडार ओबीसी मोर्चा के अध्रूक्ष मुकेशकुमार सैनी, सैनी सेवा समिति खंडार के अध्यक्ष रमेशचंद सैनी, राधेश्याम सैनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**भामाशाहों का किया सम्मान** - छात्रावास के लोकर्पण में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सैनी विकास संस्थान द्वारा सम्मान किया गया। इसके अलावा छात्रावास परिसर में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सैनी समाज के लोगों का भी स्वागत किया गया। मूर्ति अनवारण कार्यक्रम में सैनी छात्रावास में सैनी समाज के लोगों की काफी भीड़ रही।



# प्रकाश बी. माली को राजस्थान पश्चिम प्रान्त श्रेष्ठ कार्यकर्ता के रुप में अवार्ड से सम्मानित



सिरोही 2 अगस्त 2017 को भारत विकास परिषद के राजस्थान पश्चिमी प्रान्त के पदाधिकारियों द्वारा भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष महावीर सिंह चौहान ओर जिला सचिव प्रकाश बी. माली को सत्र 2016 -17 के प्रान्त में बेहतर कार्य करने के लिए श्रेष्ठ कार्यकर्ता के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

भारत विकास परिषद शाखा सचिव नवीन राजपुरोहित ने बताया कि प्रान्त की ओर से हर शाखा में प्रान्तीय प्रवास का कार्यक्रम बनाया हैं जिससे शाखा को मजबूत बनाया जावे इसलिए प्रान्तीय पदाधिकारी सिरोही ओर पाली के हर शाखा के प्रवास पर आये हैं स भारत विकास परिषद के महासचिव भवानी शंकर गौड ने बताया कि प्रान्त की और से हम हर शाखा में प्रवास करेंगे और वहा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को शाखा का बेहतर तालमेल के साथ कार्य करने का सन्देश दिया साथ ही प्रान्त के आगामी कार्यक्रमो को करने की जानकारी उपलब्ध कराई। प्रान्तीय कोषाध्यक्ष पुखराज राठी को सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए निर्देश दिया पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष अनिल चौरड़िया ने बताया कि सिरोही जिले में पांच शाखा कार्यरत है और जिले में एक नै शाखा खोलने का आग्रह किया और गत वर्ष के अच्छे कार्य करने पर शाखा को बधाई दी। सरंक्षक रमेश कोठारी के सिरोही जिले के दो पदाधिकारीयो को सम्मानित करने पर राजस्थान पश्चिमी प्रान्त के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कमलेश ओझा , छोगाराम माली , गोमाराम माली , महावीर सिंह , गोपाल माली , असलम खान , निरंजन सिंह राठोड , केसर सिंह गोहिल आदि उपस्थित रहे। माली सैनी संदेश परिवार प्रकाश माली को उत्कृष्ठ सेवा पर सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई प्रेषित करता है।

## समाज गौरव श्री अशोक गहलोत की सेवा से प्रेरित हो पुण्य का कार्य आरंभ किया

# बाबा के भक्तों की सेवा में समर्पित श्री सती माता सेवा समिति, जोधपुर



जैसलमेर के पोकरण के पास स्थित लोक देवता बाबा रामदेवरा के भादवा में भरने वाले मेले में हर वर्ष लाखों की संख्या में जोधपुर ही नहीं वरन पूरे भारत वर्ष से लाखों जातरू पैदल, बाईकों, ट्रेक्टर्स एवं अन्य वाहनों से आते है मारवाड़ में सेवा के लिए जोधपुर व आस पास की विभिन्न धार्मिक सेवा संस्थानों द्वारा बाबा के भक्तों के लिए सैकड़ों रसोड़े लगाये जाते है वैसे तो माली समाज द्वारा भी अनेकों रसोड़ो के माध्यम से बाबा के जातरूओं के लिए सेवाएं प्रदान की जाती है लेकिन मण्डोर की श्री सती माता सेवा समिति पिछले 9 वर्षो से अपनी उत्कृष्ठ सेवा के माध्यम से नये आयाम स्थापित कर चुकी है।

संस्थान के अध्यक्ष श्री भारत सिंह कच्छवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री सती माता सेवा समिति की स्थापना वर्ष 2009 में की गई थी संस्थान का मुख्य ध्येय नि:शुल्क भण्डारे के माध्यम से पूरे जोधपुर संभाग के सेवाभावी एवं बाबा रामदेव जी महाराज की भक्ति में असीम श्रद्धा रखने वाले बजुर्गो एवं युवा शक्ति को जोड़ते हुए इस धर्मार्थ के कार्य को आगे बढ़ाते हुए अपनी सेवाऐं प्रदान करना है। जैसलमेर मुख्य सड़क पर मंडला स्थित श्री सती माता का एक अद्‌भुत व चमत्कारी मंदिर है और उसी मंदिर के सामने की तरफ खाली पड़े भूखण्ड पर इस समिति द्वारा पिछले 9 वर्षो से नि:शुल्क भण्डारे का आयोजन किया जाता है संस्थान का प्रमुख ध्येय बाबा के मेले में पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं व जातरूओं को बाबा रामदेव जी महाराज के आशीर्वाद के साथ श्री सती माता जी का भी आशीर्वाद मिल सके तथा सभी भक्तों का जीवन धन्य हो सके। संस्थान के अध्यक्ष श्री भारत सिंह कच्छवाहा ने बताया कि इस पुनीत कार्य के लिए सेवा भावी लोगों को साथ जोड़ते हुए 9 वर्षो से नियमित भण्डारें के माध्यम से लाखों लोगों को सेवा करने का सौभाग्य हम सभी को भामाशहों के अथाह सहयोग एवं बाबा रामदेवजी के आशीर्वाद एवं जातरूओं से मिला है। अध्यक्ष ने बताया कि समिति द्वारा वर्ष 2009 में प्रथम भण्डारे में समाजसेवी श्री आनंद सिंह पंवार को मेला अध्यक्ष बनाया गया जिनके नेतृत्व में 9 दिन तक चले भण्डारे में जातरूओं के लिए चाय नाश्ता की व्यवस्था की गई जिसका दानदाताओं के सहयोग से 1.75 लाख रूपये का व्यय किया गया। इसके पश्चात वर्ष 2010 में मेला अध्यक्ष श्री टीकमसिंह सांखला की नेतृत्व में 21 दिन के लिए नि:शुल्क भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें 20 लाख का व्यय हुआ। वर्ष 2011 में मेला अध्यक्ष श्री जयसिंह परिहार के नेतृत्व में 25 दिन तक चलने वाले भण्डारे में 30 लाख का व्यय हुआ। वर्ष 2012 में मेला अध्यक्ष श्री पुखराज सांखला के नेतृत्व में 1 माह 5 दिन तक चले नि:शुल्क भण्डारे में करीब 36 लाख रूपये का व्यय हुआ। इसके पश्चात वर्ष 2013 में मेला अध्यक्ष श्री प्रेमसिंह परिहार, वर्ष 2014 में मेला अध्यक्ष श्री विक्रमसिंह पंवार, वर्ष 2015 में मेला अध्यक्ष श्री जयसिंह गहलोत, वर्ष 2016 में मेला अध्यक्ष श्री प्रेमसिंह परिहार के नेतृत्व में 1 माह 5 दिन तक चलने वाले नि:शुल्क भण्डारे में 40 से 44 लाख रूपये दानदाताओं के सहयोग से भव्य आयोजन किया गया जिसमें दानदाताओं ने नकद राशि के साथ ही सामग्री के रूप में घी, शक्कर, आटा, दाल, तेल, चावल व अन्य कई वस्तुओं प्रदान की, संस्थान द्वारा दानदाताओं से प्राप्त सभी प्रकार के सहयोग की रसीद प्रदान की जाती है साथ ही समस्त आय व्यय की विस्तृत जानकारी हर वर्ष पुस्तिका के माध्यम से दानदाताओं एवं भक्तों को उपलब्ध कराई जाती है जिसमें सहयोगियों द्वारा किए गऐ सभी प्रकार के सहयोग का भी उल्लेख किया जाता है तथा पूरा हिसाब-किताब ऑडिट कर प्रकाशित किया जाता है।

संस्थान के अध्यक्ष श्री भारत सिंह कच्छवाहा ने बताया कि पूरे भादवा में लगने वाले नि:शुल्क भण्डारें में चाय- नाश्ता, भोजन के साथ ही भक्तों हेतु संपूर्ण चिकित्सा सुविधाऐं प्रदान की जाती है जिसमें भक्तों के पांवो की मालिश, आखों की दवा आदि सुविधाऐं उपलब्ध कराई जाती है साथ ही अगर कोई जातरू ज्यादा बीमार हो जाता है तो उसको समिति के वाहन द्वारा जोधपुर के अस्पतालों में पहुंचाया जाता है किसी भी जातरू के मेले के दौरान रूपये चोरी होने पर संस्था द्वारा उनको नकद सहायता उपलब्ध कराई जाती है इसके साथ ही समिति द्वारा विभिन्न वाहनों से आने वाले जातरूओं को अगर पेट्रोल डीजल खत्म हो जाता है तो उसके लिए भी रकम प्रदान की जाती है भण्डारे में आने वाले साधु/संतों के लिए भी समिति भेंट स्वरूप धन राशी प्रदान करती है। पुलिस प्रशासन के निर्देश अनुसार समिति द्वारा भक्तों को हाथों में तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाये जाते है जिससे जातरूओं के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना घटित न हो। संस्थान अध्यक्ष श्री भारत सिंह कच्छवाहा ने हर वर्ष नि:शुल्क वाहन सेवा प्रदान करने वाले माता का थान निवासी श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री गोकुल परिहार, श्री जयसिंह जी, श्री तुलछीराम जी एवं श्री कल्याणसिंह जी द्वारा एक माह तक अपने वाहनों को संस्था को समर्पित करअपूर्व सहयोग प्रदान करते है। 1 स्कोर्पियों गाड़ी, श्री दलपतसिंह, श्री सज्जन सिंह गहलोत पुत्र श्री नृसिंह गहलोत द्वारा 2 ट्रक, श्री जयसिंह पुत्र श्री तुलछीराम माली द्वारा 1 ट्रक, श्री कल्याण सिंह गहलोत द्वारा भी हर वर्ष वाहन उपलब्ध कराये जाते है यहीं नहीं पूरे मेले में अध्यक्ष श्री भारत सिंह कच्छवाहा के द्वारा भी अपनी स्वयं की 1 जीप जातरूओं की सेवा हेतु उपलब्ध रहती है जिसके लिए समिति आभार प्रकट करती है। श्री लक्ष्छीराम कच्छवाहा बगतों जी बेरा निवासी पूरे 3माह तक अपनी जीप के माध्यम से सभी भामाशाहों से सामग्री लाने व अन्य सेवाऐं वर्षो से प्रदान कर रहे है। श्री भारत सिंह कच्छवाहा ने बाबा रामदेव जी महाराज के मेले में आने वाले जातरूओं की सेवा के लिए विभिन्न भामाशाहों समाज बंधुओं द्वारा नि:शुल्क नि:स्वार्थ सेवाऐं उपलब्ध कराई जाती है साथ ही सेवा भावी सज्जनों द्वारा संपूर्ण मेले में दिन रात सेवा करने के लिए भी आभार प्रकट किया तथा ईश्वर से प्रार्थना कि सभी सेवाभावी समाज बंधु, भामाशाहों एवं भण्डारे में सेवादारों पर बाबा रामदेव जी महाराज की कृपा बनी रहेगी तथा आने वाले वर्षों में पूर्व की भांति जातरूओं की सेवा, सुश्रुषा करने हेतु विशुद्ध ह्रदय से तन मन धन से सहयोग की अभिलाषा व आकांक्षा समिति करती है।

माली सैनी संदेश परिवार बाबा की सेवा में अपना तन मन धन न्यौछावर करने वाले भामाशाहों, सेवादारों एवं समाज सेवियों का ह्रदय से आभार प्रकट करते हुए सभी की मंगल कामना करता है तथा विश्वास व्यक्त करता है कि पूर्व की भांति आगे भी श्री सती माता सेवा समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य पारर्दशिता के साथ सेवा कार्य कर जातरूओं को लाभान्वित करने का पुण्य कार्य कर समाज को गौरवान्वित करेगें।



# विधायक पूरणमल सैनी का भीलवाड़ा आगमन पर माली समाज द्वारा स्वागत सम्मान किया



भीलवाड़ा 09 अगस्त। खेतड़ी के विधायक एवं विधानसभा की स्थानीय निकायों एवं पंचायतीराज संस्थाओं संबंधित समिति के सदस्य पूरणमल सैनी का आज भीलवाड़ा आगमन पर राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाल लाल माली व माली समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष बंशीलाल माली के नेतृत्व में सर्किट हाउस में स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक सैनी ने सामाजिक गतिविधियों पर भी विचार विमर्श करते हुए क्रांति दिवस के अवसर पर महान समाज सुधारक एवं सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले के विचारों को आम जन में फैलाकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने एवं समाज के अन्दर राजनैतिक एवं िंक्षा की जागृति लाने का आव्हान किया। सैनी यहां विधानसभा की स्थानीय निकाय समिति के सदस्य होने के नाते यहां पर जिला परिषद् एवं नगर निकाय के अधिकारियों की बैठक लेने के लिए आये हुए थे। इस अवसर पर समाजसेवी कन्हैयालाल माली, धनराज गढ़वाल, सम्पत बुलिवाल, देबीलाल रागस्या सहित कई समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने विधानसभा की स्थानीय निकाय समिति को जालिया ग्राम के किसान ग्रामीणों ने जिन्दल सॉ द्वारा लापिया पोईन्ट पर नियम विरूद्व ब्लास्टिंग एवं खनन कार्य की शिकायत भी समिति के समक्ष संयोजक जाबरसिंह खुर्रा को ज्ञापन देकर की। इस पर समिति ने तत्काल एडीएम के नाम पत्र जारी कर 15 दिवस के अन्दर अपनी रिपार्ट प्रस्तुत करने को कहा। ग्रामीणों व किसानों का कहना था कि अभी जिन्दल सॉ उनके साथ अत्याचार और अन्याय कर रही है।

# शिक्षा के साथ संस्कारों को भी करें जीवन में ग्रहण – महेन्द्र शास्त्री



बगड़, (अनुज शर्मा): महात्मा ज्योतिबा फूले विचार मंच के तत्वावधान में चतुर्थ प्रतिभा सम्मान समारोह अशोक नगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सामुदायिक भवन में हुआ। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहन लाल चुड़ीवाल थे। अध्यक्षता मंच अध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने की। विशिष्ठ अतिथि उपजिला प्रमुख बनवारी लाल सैनी, युवा उद्यमी रामचंद्र खडोलिया, वरिष्ठ अभियंता घड़सीराम सैनी, सेवानिवृत प्रधानध्यापक शिशुपाल सैनी, सुलताना सरपंच रेखा सैनी, इस्लामपुरा मंच अध्यक्ष मनीष सैनी थे।

महात्मा ज्योति फूले के चित्र के समक्ष दी प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित करेन के बाद कार्यक्रम का श्रीगणेश हुआ। अतिथियों ने कहा किय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कारों को भी जीवन में ग्रहण करना चाहिए। आज बढ़ते मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव से बचकर उसका सकारात्मक पक्ष ही उपयोग में ले। उन्होंने कहा प्रतिभा किसी भी समाज के लिए गौरव की निशानी होती है। प्रतिभा अपना रास्ता स्वयं तय करके समाज के लिए प्रेरणा का काम करती है। अन्य समाज के बच्चों को प्रतिभाओं से मार्गदर्शन लेककर आगे बढना चाहिए। अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले विचार मंच के कार्यो की प्रशंसा करते हुए मंच की ओर से किए जा रहे रचनात्मक कार्यो के लिए मोहनलाल चूड़ीवाल, घड़सीराम सैनी ने 11 हजार व रामचंद्र खडोलिया ने 51 सौ रूपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोहन लाल चुड़ीवाल को भाजपा के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाने पर तथा विशिष्ट अतिथि शिशुपाल सैनी की ओर से महात्मा ज्योतिबा फूले सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1,51,000 रूपए तथा रामचंद्र खडोलिया की ओर से 1,61,000 रूपए का आर्थिक सहयोग करने पर भामाशाह के रूप में अभिनन्दन किया गया। श्री चावो वीरों पीजी कॉलेज की छात्रा संघ अध्यक्ष बनने पर कमलेश सैनी, 10वीं बोर्ड परीखा में बगड़ को टॉप करने वाले जयन्त सैनी, लोकेश सैनी, कविता सैनी, प्रियांशी सैनी सहित 43 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। आईआईटी में चयनित पिंकी सैनी सहित 13 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 19 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। माली समाज के भू वैज्ञानिक हीरा सैनी, कॉलेज व स्कूल व्याख्याता, बैंकिंग सेवा में चयनित, जल सेना, नभ सेना, वायु सेना सहित सरकारी सेवा में नियुक्त समाज के 15 होनहारों का अभिनंदन किया गया।

# जोधपुर समाज की बेटी मोनालिसा राष्ट्रपति से सम्मानित




जोधपुर। मंडोर निवासी एक साधारण परिवार की जन्मी मोनालिसा पंवार को प्लेकनरी हॉल विज्ञान भवन नई दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ओर से राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मोनालिसा को यह पुरस्कार भारत सरकार की राजभाषा गौरव योजना के तहत मुद्रा योजना की सफलता में सार्वजनिक बैंकों का योगदान विषय पर उनके द्वारा लिलिखत लेख के लिए हिंदी भाषी क्षेत्र में द्वितीय प्ररस्कार प्रदान किया गया है। मोनालिसा पंवार को इसकी अधिकारिक सूचना संयुक्त सचिव, भारत सकरार के पत्र के माध्यम से जब दी गई तो परिवार सहित अनेकों लोगों एवं संस्थानों ने उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की।

मोनालिसा विगत कई वर्षो से बैंकिंग, आर्थिक तथा अन्य विषयों पर लिख रही है। उनकी रचनाएं बैंकिंग एवं अन्य राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही है। उन्हें कई बैंकों द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सेमीनार में भी आमंत्रित किया गया है।

इस अवसर पर मोनालिसा ने कहा कि मैं हमेशा से कुछ नया करना चाहती थी और आर्थिक विषयों पर लिखने के अलावा जब भी कोई प्रतियोगिता आयोजित की जाती थी तो मैं उसमें प्रतिभागिता अवश्य लेती थी। यह पुरस्कार उसी का नतीजा है। इसे पाकर मैं बेहद खुश हूं और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने पति को देती हू। मोनालिसा इस समय केनरा बैं की चौपासनी रोड़ शाखा में कार्यरत है।

खासकर उनके पिता ने कहा कि मेरी बेटी यह उपलब्धि हासिल की है इसके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। मुझे गर्व है कि मेरी बेटी की बदौलत मुझे पहचान मिली है

**गीता सैनी ने रचा इतिहास नई दिल्ली जेएनवीयू की बनीं अध्यक्ष राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रथम महिला छात्रसंघ अध्यक्ष बनी मंजू सांखला**

# विभिन्न विश्वविद्यालयों में समाज के प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत



जोधपुर। जयनारायण विश्व विद्यालय जोधपुर के छात्रसंघ चुनाव में समाज के युवा छात्रनेता अशोक भाटी महासचिव पद पर विजयी रहे। अशोक भाटी ने छात्रसंघ चुनाव में सर्वाधिक मत हासिल करते हुए बड़े अंतर से जीत हासिल की। अशोक भाटी ने अपनी जीत का श्रेय विश्वविद्यालय छात्रों के साथ ही समाज के प्रबुद्ध जनों को दिया तथा छात्रहित के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने की बात कही।



राजकीय महाविद्यालय बालेसर के छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष के पद का ताज एनएसयूआई प्रत्साक्षी मंजू सांखला को मिला। महाविद्यालय के प्रचार्य एम. एल. मोदी और डॉ. हरिराम परिहार के अनुसार राजकीय महाविद्यालय बालेसर में प्रथम महिला अध्यक्षा मंजू सांखला 30 मतों से विजयी रही। वही महासचिव पद पर गंगाराम परिहार ने 9 मतों से जीत हासिल की। इस विजय का श्रेय वह अपने पति खेमेन्द्र गहलोत के साथ एन.एस.यू.आई. के सभी कार्यकताओं एवं समाज को दिया। मंजू ने इस मौके पर बताया कि उनका उद्देश्य महाविद्यालय को नये भवन में शिफ्ट करवाना तथा यूजी से पीजी में बदलवाना और छात्र-छात्राओं के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था करना है। इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रकाश गहलोत, युवा छात्र नेता किशन सांखला, जैनराज सांखला, रमेश गहलोत, पूर्व महासचिव हरीश सांखला, नारायण गहलोत, शेरू सांखला, शेरू गहलोत, सरपंच श्री रेवतराम सांखला, श्री मदन सिंह गहलोत, श्री रूपेश गहलोत, श्री अचलाराम गहलोत, श्री सुरेश सांखला आदि जन प्रतिनिधियों ने भी मंजू सांखला को हार्दिक बधाई देते हुए महाविद्यालय में छात्र हित के लिए कार्य करने की बात कही व शुभकामनाऐं प्रेषित की।

इसके अलावा पीपाड़ में सुश्री डिम्पल परिहार अध्यक्ष चुनी गई। विभिन्न विश्वविद्यालयों से चुनावों में समाज के अनेकों छात्र-छात्राऐं विजयी रहे लालसोट से विनोद सैनी, डेगाना से कोमल सैनी, बालोतरा से भावना माली छाबड़ा से रिंकू माली उपाध्यक्ष, तिजारा से होशियार सैनी उपाध्यक्ष, जैतारण से सत्यनारायण तंवर, भीनमाल से हितेश कुमार, लालसोट से मीरा सैनी, नीमका थाना से सुनील सैनी तथा सोजत से नरपतराम देवड़ा ने अध्यक्ष पद पर विजयीश्री प्राप्त कर समाज को गोरवान्वित किया। माली सैनी संदेश परिवार सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

**नई दिल्ली।** हरिणाया में जन्मी माली सैनी समाज की लाड़ली बेटी ने रचा इतिहास गीता कुमारी सैनी जेएनयू दिल्ली छात्र संघ चुनाव में समाज की पहली महिला अध्यक्ष चुने समाज को गौरवान्वित किया है।

हमारे लिए गर्व की बात है कि इस पद पर कॉमरेड चंद्रशेखर सैनी के बाद दुसरी तथा एक महिला के रूप में पहली छात्रा हे जिसने अध्यक्ष् का चुनाव जीता जो हमारे समाज की बेटी है। गीता मूलत: इसराना हरियाणा की रहने वाली है। छात्र संघ की नई अध्यक्ष गीता कुमारी इतिहास से MPhil कर रही है और फौजी की बेटी है। गीता की जीत से गांव में खुशी का माहौल है। गीता के दादा चंद्रभान सैनी व दादी मरिया खुशी से फुले नहीं समा रहे है। पूरे परिवार ने खुशी को साझा की ओर मिठाईयां बांटकर बेटी को अध्यक्ष का पद मिलने पर जश्न मनाया। गीता के पिता नरेन्द्र सैनी सेवा में है व उनकी पोस्टिंग जोधपुर में है। गीता ने इलाहाबाद से 12वीं करने के बाद 2011 में कॉलेज में एडमिशन लिया था।

## सभी माली सैनी समाज गौरव को

# हार्दिक बधाई

## अर्जुन सैनी आईईएस में चयनित



श्री अर्जुन सैनी पुत्र श्री रामोतार सैनी अध्यापक साहब गश्चव-नेवरी त-उदयपुरवाटी जि. झुन्झुनू का UPSE द्वारा आयोजित IES (Indian Engineering Service) में 137 रैक के साथ चयन होने पर अर्जुन सैनी को बहुत बहुत बधाई एव शुभकामनाएं एवं परिवार, समाज व उदयपुरवाटी का नाम रोशन करने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

श्री अर्जुन सैनी पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद सैनी' नेवरी त-उदयपुरवाटी जि. झुन्झुनू प्रथम प्रयास में 12वीं के साथ ही 2010 में IIT में 15 वर्ष की उम्र में चयन हुआ। 2010 में IIT में चयन होने वाले विद्यार्थियों में पूरे भारत का सबसे कम उम्र का छात्र है। IITमद्रास से सिविल में बी.टेक. किया।

प्रथम प्रयास में ही IES में 137 रैंक हासिल की है । यह माली समाज के किसान परिवार में खुशियों का माहौल है । इनके पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद स्वयं 7वी पास है जबकि माता अनपढ़ है लेकिन इन्होंने अपने बच्चों को पढ़ाने में कोई कमी नही रखी नतीजा अर्जुन का बड़ा भाई रामावतार सैनी वरिष्ठ अध्यापक, भाभी माया सैनी व्याख्याता है।

## अभिनव घुड़सवारी में प्रदेश में प्रथम



बाली। जिले के बाली निवासी अभिनव परिहार ने प्रदेश स्तरीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। इस पर सीएम वसुंधरा राजे ने 1 लाख रूपए का पुरस्कार देकर उसे सम्मानित किया।

जानकारी के अनुसार अभिनव परिहार विद्यालय अजमेर मे घुड़सवारी की तैयारी कर रहे हैं। जिसके बाद 2016 में राज्य क्रीड़ा परिषद मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन के तहत बेहतर प्रदर्शन करने पर 10 हजार रूपए छात्रवृति भी मिल थी। इसके बाद जयपुर में आयोजित हुई प्रतियोगिता में अभिनव ने प्रदेश में पहले स्थान पर आया। इस पर मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने उन्हें सम्मानित किया। इतना ही नहीं अभिनव परिहार जो वर्तमान में पूना से बीए एलएलबी कर रहा है उसकी शिक्षा का खर्च भी राजस्थान सरकार वहन करेगी। गोरतलब है कि अभिनव बाली के भूतपूर्व विधायक पूर्व मंत्री रंधुनाथ परिहार का पोता है। इसके पिता महेंद्र परिहार अधिवक्ता है।

## पायल सैनी मार्शल आर्ट्स स्कार्ड अवार्ड से सम्मानित




अलवर। भारत मार्शल आर्ट्स विकास बोर्ड की ओर से पानीपत जिले में आयोजित खेल रतन प्रतियोगिता में अलवर निवासी सोमवीरसिंह तंवर को महागुरू के अवार्ड से नवाजा गया साथ ही सुश्री पायल सैनी को स्वार्ड के अवार्ड से सम्मानित किया गया दोनों ही खिलाड़ी राजस्थान के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें यह अवार्ड पुरूष और महिला केटेगरी में मिला है इससे पहले मार्शल आर्ट्स विकास बोर्ड की ओर से किसी भी राजस्थानी को महागुरू का अवार्ड नहीं दिया गया था दोनों खिलाड़ी 13 अक्टूबर को रूस में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधत्व करेंगे ।

अलवर के खेल प्रेमियों ने दोनों अवार्ड विजेताओं को शुभकामनाएं दी इस दौरान अलवर नगर विकास न्यास बोर्ड के चेयरमैन देवीसिंह शेखावत ने बताया कि उनको अच्छे से अच्छा स्टेडियम में वातावरण उपलब्ध कराया जाए उनके संसाधन और उनकी ड्रेस और उनके खान पान की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाएगी

## श्रीमती कल्पना माली का उदयपुर में सम्मान




उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले में शिक्षक दिवस समारोह-2017 (5 सितम्बर) रोटरी क्लब उदयपुर की ओर से होटल रेडिसन ग्रीन में आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष डश्व गिरीजा व्यास थीद्य विशिष्ट अतिथि GSRM, सीमा सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मधुसूदन व्यास एवं श्री नरेश चंद्र डांगी थे। क्लब अध्यक्ष श्री राजेश चुघ और सचिव श्री मोहित रामेजा मंचासीन थे।

मंचासीन अतिथियों के सानिध्य में 55, बापू बाजार, उदयपुर निवासी श्रीमती कल्पना माली प्रधानाध्यापिका रा. प्रा. वि. खालियो की भागल (लोयरा), पं. स. बड़गांव को "नेशन बिल्डर अवार्ड" से शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरुस्कृत कर से सम्मानित किया गया।


# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची


श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू (पं.समिति सदस्य) सुपुत्री श्री ढूलाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल पुत्र(ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमामराम गहलोत, तिंवरी
श्री लिखराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई– पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। **आप हमें Paytm से मोबाइल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज सकते है**

डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।

**सदस्यता राशि**

| दो वर्ष रु. 400/- | पांच वर्ष रु. 900/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : – प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, **9828247868**
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# विभिन्न सामाजिक आयोजनों की झलकियां ....



सवाई माधोपुर में महात्मा फूले की प्रतिमा का अनावरण करते अतिथिगण



समाज गौरव स्व. मानसिंह देवड़ा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि करते प्रबुद्धजन





लुद्रावा जैसलमेर में आयोजित सामाजिक आयोजन में सबसे कम उम्र की महिला सरपंच लता अमरसागर को सम्मानित करते अतिथि एवं उपस्थित समाजजन











जयपुर में माली (सैनी) महासभा के आयोजन की झलकियां

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19









Your Personal Home Maker

Bed Sheets | Blankets | Towel | Napkins | Dohar | Quilt | Jaipuri Rajai | Pillow | Curtains | Roller Blinds | Shawls | Sofa Fabrics | Matress | Cushions | Wallpapers | Wooden Flooring | PVC Flooring

Vineet Gehlot

shrigehlothandloom@gmail.com

GEHLOT HANDLOOM

EXCLUSIVE SHOWROOM OF FURNISHING

PARKING FACILITY AVAILABLE

130 NAI SARAK JODHPUR 342 001 | M.: +91 773 710 0198

स्वत्वाधिकारी संपादक/मालिक/प्रकाशक/मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर -7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर ( राजस्थान ) से प्रकाशित।
फोन : 94144 75464, हेल्प लाईन : 9828247868
ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR